# आखिर क्यों माता पिता को छोड़ कर
# अलग फ्लैट में रहने चली गयीं आलिया



आलिया भट्ट वो स्टार किड, जिसने अपनी दमदार एक्टिंग से बॉलीवुड में एंट्री कर, लोगों के दिलों में ख़ास जगह बनाई। आलिया की इस सफ्लता में उनके माता-पिता का ख़ास योगदान रहा है। इन दिनों वो अपनी फिल्म श्राजीश् की वजह से चर्चा में हैं। इसके साथ ही वो एक और वजह से खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। न... न... न हम आलिया और रणबीर कपूर के लव-अफ्येर की नहीं, बल्कि उनके नए फ्लैट की बात कर हैं। हाल ही में आलिया अपने मम्मी-पापा से दूर खुद के आलीशान फ्लैट में शिफ्ट हो चुकी है। पर यहां सवाल ये है कि आखिर आलिया ने अपनी फैमिली से अलग होने का फैसला क्यों लिया। इसके अलावा ऐसी कौन सी वजह थी, जो एक शहर में रहते हुए उन्हें अपनी नया फ्लैट लेना पड़ गया। इसी बारे में जब आलिया की मां सोनी राजदान से बात की गई, तो उन्होंने बेटी के ऐसा करने की वजह बताई।

बेटी की जिंदगी के बारे में बात करते हुए सोनी राजदान ने बताया कि आलिया अब हमारे साथ नहीं रहती है, वो अपने नए घर में शिफ्ट हो चुकी है। मैं समझ सकती हूं कि इस स्टेज पर उसे थोड़ी प्राइवेसी और स्पेस की जरूरत है। इसके अलावा उसका अपना एक फ्रेंड जोन भी है, जिनका घर आना-जाना लगा रहता है। साथ ही ऑफिस की मीटिंग्स भी चलती रहती हैं। मैं एक मां हूं और ऐसे में ये बिल्कुल भी नहीं चाहूंगी कि हमारी वजह से उसकी लाइफडिस्टर्ब हो। यही नहीं, जबसे वो हमसे दूर फ्लैट में रहने के लिए गई है, हमारा रिश्ता पहले से और अच्छा हो गया है। हालांकि, मैं उसकी कुछ चीजों को बहुत मिस करती हूं, जैसे सुबह की चाय, घंटों एक-दूसरे से बातें शेयर करना। आए दिन आलिया का किसी न किसी बॉलीवुड स्टार के साथ नाम जोड़ दिया जाता है। इस बारे में जब सोनी राजदान से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि मुझे अख़बारों में आलिया की ख़बर पढ़ अच्छा लगता है। वहीं मीडिया की बातों पर मैं रिएक्ट इसलिए नहीं करती, क्योंकि मुझे आलिया ने पहले से ही सब सच बता रखा होता हैं हालांकि, उसके डेटिंग-रोमांस की ख़बरें पढ़ कर मुझे हंसी भी आती है।

# मार्बल बनाएगा पहली मुस्लिम सुपरहीरो पर फिल्म: केविन फीज



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मार्वल के प्रेसिडेंट केविन फीज ने कहा है कि स्टुडियो ऐसी पहली फिल्म बनाने जा रहा है जो एक मुस्लिम सुपरहीरो पर आधारित होगी। बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में फीज ने कहा कि एक ऐसे किरदार को लेकर फिल्म बनाने की योजना है जिसका असल नाम कमाला खान है। फीज ने कहा कि यह फिल्म मुस्लिम नायक कैप्टन मार्वल से प्रेरित है। खान को न्यूजर्सी में रहने वाली पाकिस्तानी अमेरिकी किशोरी बताया गया है।

# कॉमेडियन बिल कॉस्बी को यौन उत्पीड़न मामले में सितंबर सुनाई जाएगी सजा



कॉमेडियन बिल कॉस्बी को यौन हमले के मामले में 24 सितंबर को सजा सुनाई जाएगी। इस मामले में उन्हें पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। जुलाई में 81 वर्ष के हो रहे कॉस्बी को अपनी बची हुई जिंदगी जेल में ही बितानी पड़ सकती है। उनके वकीलों ने न्यायाधीश स्टीव ओ नेल से अनुरोध किया था कि उनकी सजा का ऐलान इस साल के अंत तक हो। कॉस्बी को यौन उत्पीड़न के तीन आरोपों में दोषी ठहराया गया है और तीनों आरोपों को एक मामले में तब्दील करके उसे पांच से 1० साल की सजा हो सकती है। एक महिला ने कहा था कि कॉस्बी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। हालांकि कॉस्बी ने इससे इनकार करते हुए कहा था कि यौन संबंध सहमति से बने थे।

# फैमिली डे पर परिवार के साथ
# इस तरह शेयर करें बॉन्डिंग

वृंदा सिंगल फैमिली में रहने वाली एक वर्किंग वुमन है। उसका ऑफिस टाइमिंग सुबह नौ बजे का है। इसलिए वह सुबह छह बजे उठकर अनमोल और अमन का नाश्ता और लंच बनाती है। फिर अनमोल को स्कूल के लिए तैयार करने के बाद वह ऑफिस के लिए निकल जाती है। वापिस घर आते समय वह अनमोल को डे-केयर से लेती हुई आती है और घर पहुंचते-पहुंचते उसे सात बज जाते हैं। फिर वह अनमोल को खाना देकर रात के डिनर की तैयारी में लग जाती है। उसके बाद उसे अनमोल का होमवर्क भी करवाना होता है और सब काम निपटाते-निपटाते दस कब बज जाते हैं, उसे पता ही नहीं चलता। वृंदा हर रोज ऐसी ही दिनचर्या का पालन करती है। ऐसे में उसे खुद के लिए ही समय नहीं मिल पाता। अब वह खुद को सबसे काफी दूर और अकेला महसूस करने लगी है। वैसे यह कहानी सिर्फवृंदा की ही नहीं है। वर्तमान समय में एकल परिवार का चलन काफी बढ़ गया है और छोटे से परिवार में रहने के बावजूद भी लोगों के पास एक-दूसरे के लिए समय ही नहीं होता। तो फिर अपने नाते-रिश्तेदारों के लिए समय निकाल पाना लगभग नामुमकिन सा लगता है। लेकिन वह वास्तव में परिवार ही होता है, जो मुश्किल समय में हमारा सहारा बनते हैं। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि आपके आपसी रिश्ते काफी मजबूत हों। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान उपाय बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने परिवार के साथ-साथ रिश्तेदारों के साथ भी अच्छी बॉन्डिंग शेयर कर सकते हैं-



मैनेज करें समय

अगर आप वास्तव में चाहते हैं कि आपको अपने परिवार व रिश्तेदारों से रिश्ता मजबूत बने तो सबसे पहले आपको उनके लिए थोड़ा समय तो अवश्य निकालना होगा। किसी भी रिश्ते की मजबूती वास्तव में आपके प्रयासों के भीतर छिपी होती है। अगर आपको ऑफिस के काम के चक्कर में दूसरों को समय नहीं दे पाते तो महीने में कम से कम एक वीकेंड तो अपने परिवार व रिश्तेदारों के लिए निकालें। इस वीकेंड को आप किस तरह यूज करते हैं, यह पूरी तरह आप पर निर्भर करता है। आप चाहें तो सबके साथ कहीं आउटिंग पर निकल जाएं या फिर एक अच्छा सा डिनर प्लॉन करें। इसके अतिरिक्त घर पर छोटी सी टी पार्टी भी आर्गेनाइज की जा सकती है, जिसमें आप ढेर सारे गेम्स के जरिए साथ बिताए समय को यादगार बना सकते हैं।




सोशल मीडिया का सहारा

आज के समय में दूसरों से कनेक्टेड रहने का एक सबसे आसान और प्रभावी तरीका है सोशल मीडिया। आप विभिन्न माध्यमों जैसे वाट्स ऐप, फेसबुक या ट्विटर के जरिए एक-दूसरे से बातचीत कर सकते हैं। वर्तमान समय में जब हर कोई इन माध्यमों का इस्तेमाल करता है तो आप भी अपने करीबियों को इसके माध्यम से मैसेज आदि अवश्य करें। इन प्लेटफॉर्म की खासियत यह होती है कि इनकी मदद से आप उन लोगों के साथ भी बॉन्डिंग शेयर कर पाते हैं, जिनसे आप कभी-कभार ही मिलते हैं। इससे आप अपने कीमती समय को बचाते हुए भी एक अच्छी बॉन्डिंग भी शेयर कर पाएंगे।

तोहफें की लें मदद

जब भी आप अपने करीबियों से मिलने जाएं तो उनके लिए कोई न कोई तोहफा अवश्य लेकर जाएं। कोशिश करें कि आप बाजार से तोहफा खरीदने की बजाय अपने हाथ से ही एक प्यारा सा तोहफा तैयार करें। इससे आपके प्यार की गर्माहट उस तोहफे में आसानी से महसूस की जा सकेगी। वहीं अगर आप घर से कुछ नहीं बना पा रहे हैं तो आप बाजार से तोहफा खरीदते समय इस बात का ख्याल रखें कि वह आपके करीबियों के काफी काम आए ताकि हर बार उसे इस्तेमाल करते समय वह आपको याद करें। इसके अतिरिक्त अपने करीबियों के जीवन के कुछ खास दिनों जैसे बर्थडे, सालगिराह आदि पर भी उन्हें एक तोहफा अवश्य दें। अगर आप उनसे मिलने नहीं जा सकते तो फोन पर उन्हें विश करें और तोहफा कोरियर कर दें। आपके इस सरप्राइज को देखकर उनके चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान छा जाएगी।

कैद करें यादें: कहते हैं कि गुजरा हुआ समय कभी लौट कर नहीं आता लेकिन आप उन अच्छे पलों को तस्वीरों के जरिए कैद कर सकते हैं। इसके लिए आप जब भी उनके साथ क्वालिटी टाइम बिताएं तो कुछ क्लिक्स अवश्य करें। साथ ही उसे सबके साथ शेयर करें, फिर चाहे बात फैमिली ग्रुप की हो या सोशल मीडिया की। इस तरह आप ताउम्र उन पलों को बेहद आसानी से याद कर पाएंगे।